झारखण्ड सरकार

# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, रांची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002

E-mail-pccfjharkhand@yahoo.co.in Phone-0651-2481909 / 2480413

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ।।

पत्रांक: 3668 दिनांक : 19.11.15

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक,
झारखण्ड, रांची।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
विकास, झारखण्ड, रांची।

सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एवं निदेशक,
प्रसार वानिकी, झारखण्ड, रांची/हजारीबाग/दुमका।

सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड।

मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी/
मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक, पलामू टाईगर रिर्जव, डालटेनगंज

**विषय: वनरोपण कार्यो का समय सारणी के अनुसार निष्पादन।**

महाशय,

विभाग में वनरोपण कार्यो के निष्पादन हेतु **"वनरोपण पद्धति"** प्रकाशित है, जिसके अनुरूप विभिन्न कार्यो का निष्पादन समयवद्ध तरीके से अधिकारियों द्वारा किया जाना आपेक्षित है। आशा है कि आपके अधीनस्थ प्रमण्डलों के द्वारा किये जाने वाले वनरोपण कार्य के संबंध में निम्न कार्यों के लिए निर्धारित समय सारणी के अनुसार संभवतः कार्य प्रारंभ कर दिये गये होगें/किये जायेंगे। वनरोपण कार्य चरणबद्ध कार्यक्रम है जिसमें समय सारणी का अनुपालन अत्यंत आवश्यक है। यदि समय सारणी के अनुरूप कार्य नहीं किया जाय तब संपूर्ण योजना के असफल होने की संभावना प्रबल होती है।

अतः वनरोपण कार्य के लिए **"वनरोपण पद्धति"** में निर्धारित समय सारणी के अनुरूप निम्न प्रकार कार्यो का क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाया जाय। :–

| क्रं0 | माह | कार्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | अक्टुबर | 1. नये क्षेत्र में अग्रिम कार्य शुरू करने से पहले क्षेत्र का Polygon तैयार करना तत्पश्चात् झाड़ी कटाई, फेन्सिंग इत्यादि<br>2. स्थानीय लोगों से संपर्क स्थापित कर अगले वर्ष के लिए सामाजिक वन के लिए जमीन प्राप्त करना<br>3. वनरोपण क्षेत्र में वर्षा के बाद दूसरी निकौनी करना<br>4. पूर्व में किये गये वनरोपण कार्य से संबंधित उत्तरजीविता प्रमाण–पत्र निर्गत करना। | |
| 2 | नवम्बर | 1. नये वनरोपण क्षेत्र में अग्रिम कार्य झाड़ी कटाई, सफाई फेन्सिंग इत्यादि का कार्य करना।<br>2. कंटीलेतार घेरा के लिए खूंटा खरीदना एवं उसका ट्रीटमेंट करना<br>3. अनुसूचित जाति/ की अपनी जमीन पर वृक्षारोपण के लिए संपर्क स्थापित करना।<br>4. पौलीथीन थैलियाँ तथा अन्य आवश्यक चीजों की खरीद करना। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | दिसम्बर | 1. कंटीलेतार खरीदना। साथ ही अन्य तरीके से घेरान सम्पन्न करने की व्यवस्था करना।<br>2. जाड़े की अच्छी वर्षा के तुरंत बाद तीसरी निकौनी सम्पन्न करना।<br>3. प्राकृतिक रूप से निकले पौधे की मदद से सफाई करना।<br>4. अग्रिम कार्य–झाड़ी सफाई, गड्ढ़ा खोदना।<br>5. नर्सरी में आम के पौधों पर पाला से रक्षा की व्यवस्था करना।<br>6. नर्सरी के खाली बेड कोड़ना। | |
| 4 | जनवरी | 1. अगले वर्ष के लिए अग्रिम कार्य जैसे झाड़ी सफाई गड्ढा खोदना, घेरा देना।<br>2. अस्थाई नर्सरी के संथान का चुनाव पौलिथिन थैलियों में भरने के लिए मिट्टी, बालू खाद एलड्रीन इक्ट्ठा करना<br>3. वनरोपण क्षेत्रों में आग से सुरक्षा की कार्रवाई पूरा करना–लाईन सफाई इत्यादि।<br>4. बीज इकट्ठा करना, शीशम सागवान, खैर युकलिप्टस, सिरिश, बैर, ऑवला, अमरूद आदि। | |

विश्वासभाजनं

ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, रांची।

**ज्ञापांक–** **दिनांक–**

**प्रतिलिपिः**–प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, रांची।

**ज्ञापांक–** 3668 **दिनांक–** 19.11.15

**प्रतिलिपिः**–ENVIS Centre, वन भवन, डोरण्डा रांची को *Instruction tab* पर upload करने हेतु प्रेषित।

19/11

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
निदेशन एवं प्रशासन, रांची।